योजना के अन्तर्गत दिसम्बर, 1991 तक लगभग 29350 किलोमीटर सड़कों का निर्माण किया गया है और इस पर लगभग 368 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं।

(ग) भारत सरकार जिला स्तर पर भौतिक और वित्तीय निष्पादन की निगरानी नहीं करती है और इसलिए जिला-वार ब्यौरा उपलब्ध नहीं हैं।

"कपार्ट" द्वारा वित्तीय सहायता

1364. श्री ईश दत्त यादव : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) "कपार्ट" द्वारा कल्याणकारी गतिविधियों को प्रोत्साहन देने हेतु जिन स्वयंसेवी संगठनों को अनुदान और वित्तीय सहायता दी जा रही है, उनका ब्यौरा क्या है ;

(ख) ऐसे प्रत्येक संगठन को विगत तीन वर्षों के दौरान कितनी धनराशि प्रदान की गई है ;

(ग) अपने लेखे और रिपोर्ट नियमित रूप से प्रस्तुत करने वाले संगठनों के नाम क्या हैं; और

(घ) इन संगठनों को अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में कहां तक सफलता मिली है ?

ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री उत्तमभाई एच० पटेल) : (क) लोक कार्यक्रम तथा ग्रामीण प्रौद्योगिकी विकास परिषद (कपार्ट) ने कल्याणकारी गतिविधियों को प्रोत्साहन देने के लिए उत्तर प्रदेश में स्वयंसेवी संगठनों को विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत 690 परियोजनाएं स्वीकृत की हैं।

(ख) कपार्ट ने 1988-89, 1989-90 और 1990-91 के दौरान इन संगठनों को क्रमश: 2.89 करोड़ रुपये 2.99 करोड़ रुपए और 3.11 करोड़ रुपए स्वीकृत किए हैं और उन्हें क्रमश: 2.25 करोड़ रुपए, 1.67 करोड़ रुपए और 1.62 करोड़ रुपए रिलीज किए हैं।

(ग) कपार्ट को लगभग सभी संगठनों से अंतिम प्रगति रिपोर्टें और लेखाओं के लेखा-परीक्षित विवरण प्राप्त हो रहे हैं।

(घ) स्वयं सेवी संगठन कुल मिलाकर अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में सफल रहे हैं।

Families assisted under IRDP in Uttar Pradesh

1365. SHRI ISH DUTT YADAV: Will the PRIME MINISTER be pleased to state :

(a) what is the number of families which have been given assistance under Integrated Rural Development Programme in Uttar Pradesh during the last two years and what is the number of families to whom assistance is proposed to be given during the current year;

(b) whether Government while releasing the funds, considers the various demands forwarded by the Members of Parliament of the concerned areas ; and

(c) if so, the details thereof and if not, the reasons therefor ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RURAL DEVELOPMENT (SHRI UTTAM-BHAI H. PATEL) : (a) Under Integrated Rural Development Programme 6.30 lakh and 5.08 lakh families were assisted in Uttar Pradesh during 1989-90 and 1990-91, respectively. During the current